प्रेस विज्ञप्ति / Press Release 3 फ़रवरी / February, 2020

SIDBI partners with National Skill Development Corporation to launch JuniorSkills, a first of its kind skill championship

Aims to create wider awareness about the importance of skill development amongst the youth of the country at an early age

जूनियर स्किल्स के शुभारंभ के लिए सिडबी की राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ भागीदारी - अपनी तरह की पहली कौशल प्रतियोगिता का आयोजन

देश के युवाओं में अल्पायु से ही कौशल विकास की महत्ता के विषय में व्यापक जागरूकता पैदा करने का लक्ष्य

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small and Medium Enterprises (MSME), has joined hands with National Skill Development Corporation (NSDC) to launch JuniorSkills, a first of its kind skill championship with an objective to create a wider awareness about the importance of skill development amongst the youth of India at an early age. Under the partnership, SIDBI shall steer innovative business ideas.

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास की शीर्ष संस्था के रूप में कार्यरत भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने जूनियर स्किल्स के शुभारंभ के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ गठजोड़ किया है। इसके द्वारा भारत के युवाओं के बीच कौशल विकास के महत्व के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अपनी तरह की पहली कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस साझेदारी के तहत, सिडबी अभिनव व्यावसायिक विचारों के क्रियान्वयन में मार्गदर्शन करेगा।

Shri V Satya Venkata Rao, Deputy Managing Director of SIDBI who was the guest of honour at the virtual launch event said, “With JuniorSkills, we hope to create a better tomorrow for the future generations who will play a key role in the growth of our nation. This is a platform that emphasizes practical learning and encourages students to showcase their talent and gives them the opportunity to be groomed by experts to evolve as an entrepreneur.”

सिडबी के उप प्रबंध निदेशक श्री वी सत्य वेंकट राव इस आभासी शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर उन्होने कहा "हम आशा करते हैं कि जूनियरस्किल्स के द्वारा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर कल का निर्माण होगा और यह हमारे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । यह ऐसा मंच है जो व्यावहारिक सीख पर जोर देता है और छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता है व साथ ही, उन्हें विशेषज्ञों की छत्रछाया में एक उद्यमी बनकर उभरने का अवसर देता है ।"

The dignitaries gracing the virtual launch of event included Shri Atul Kumar Tiwari, Additional Secretary, Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Shri Manoj Ahuja, Chairman, CBSE, Dr. Joseph Emmanuel, Director – Academic, Central Board of Secondary Education (CBSE), Mr. Biswajit Saha, Director (Skill & Education), CBSE and Ms. Dhanpreet Kaur, MD, NFDC. Shri Jaikant Singh, Senior Head State Government, Citizen Engagement and WorldSkills India, NSDC rendered vote of thanks.

कार्यक्रम के इस आभासी शुभारंभ के अवसर पर गणमान्य लोगों में श्री अतुल कुमार तिवारी, अपर सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, श्री मनोज आहूजा, अध्यक्ष, सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई), श्री बिस्वजीत साहा, निदेशक [कौशल और शिक्षा], सीबीएसई, और सुश्री धनप्रीत कौर, प्रबंध निदेशक, एनएफडीसी उपस्थित रहे व श्री जयकांत सिंह, सीनियर हैड राज्य सरकार, सिटिज़न एंगेजमेंट एंड वर्ल्डस्किल्स इंडिया, एनएसडीसी ने धन्यवाद ज्ञपित किया।

JuniorSkills is an incredible opportunity for students from standard VI to XII to explore and exhibit their passion for a particular skill and receive the appropriate technical and vocational education training (TVET) to harness their passion. The championship platform aims at giving students practical insight into established and emergent skill categories, and access to industry experts who will guide them throughout JuniorSkills. The process and interactions with experts are also designed to help students make informed career choices.

जूनियरस्किल्स कक्षा 6 से बारहवीं तक के छात्रों के लिए अपने कौशल-विशेष को उद्घाटित करने और उसे प्रदर्श्य बनाने की दिशा में एक अविस्मरणीय नूतन पाथेय है। साथ ही, वे इससे अपने कार्यगत जुड़ाव के भरपूर दोहन के लिए उपयुक्त तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पर केंद्रित प्रशिक्षण (TVET) भी प्राप्त कर सकते हैं। चैम्पियनशिप प्लेटफार्म का उद्देश्य छात्रों को सुस्थापित और आकस्मिक कौशल श्रेणियों में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि देना और उद्योग विशेषज्ञों तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना है, जो उन्हें जूनियरस्किल्स की प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस संपूर्ण प्रक्रिया और विशेषज्ञों के साथ वैचारिक साहचर्य के माध्यम से छात्रों को भविष्य में अच्छे विकल्प के चयन में मदद भी अभिकल्पित है।

The championship has been envisioned in accordance with the latest National Education Policy 2020 wherein the emphasis has been laid upon integration of vocational courses in

schools. CBSE will play an important role in promoting and setting benchmarks for the skill competitions among schools affiliated with it.

इस चैम्पियनशिप की परिकल्पना नवीनतम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार की गई है, जिसमें स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सहयोजन पर बल दिया गया है। सीबीएसई इससे संबद्ध स्कूलों के बीच कौशल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने और स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

The championship will be conducted at four levels - Screening, Qualifying, Pre-National and National. Amidst current COVID-19 situation, the three-level of competitions will be organized online, and the finale is proposed to be conducted on-ground in Delhi.

यह चैम्पियनशिप चार स्तरों - संविक्षा, योग्यता-आधारित चयन, राष्ट्रीय स्तर-पूर्व और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। वर्तमान कोविड-19 की स्थिति के बीच, तीन स्तर की प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया जाएगा, और समापन कार्यक्रम दिल्ली में भौतिक स्तर पर आयोजित करने का प्रस्ताव है।

SIDBI shall be the skill partner to run a complete domain on Innovative Business Ideas. SIDBI shall share design study material for this particular competition and develop the various competitive rounds (four rounds) to judge the entrepreneurial zeal of this young potential entrepreneurs. SIDBI shall also reward the winners in terms of exposure visits, capacity building, laptops, etc.

नवोन्मेषी व्यवसाय संकल्पनाओं के एक संपूर्ण प्रक्षेत्र के संचालन के लिए सिडबी कौशल भागीदार होगा। सिडबी इस विशेष प्रतियोगिता के लिए तैयार की गई अध्ययन सामग्री साझा करेगा और इस भावी युवा उद्यमियों की उद्यमशीलता उत्साह का निर्णय करने के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धी राउंड्स (चार राउंड्स) को तैयार करेगा। सिडबी विजेताओं को एक्सपोजर दौरों, क्षमता निर्माण, लैपटॉप आदि प्रदान करके पुरस्कृत भी करेगा।

The national level skill championship will be for 10 skills which are, Web Technologies, IT Software Solution (Business), Visual Merchandising, Graphic Design, Fashion Technology, Mobile Robotics, Painting & Decorating, Solar Energy, Innovative Business Ideas and Digital Photography.

10 कौशलों के लिए राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप होगी, जिसमें वेब टेक्नोलॉजीज, आईटी सॉफ्टवेयर सोल्युशन्स (व्यवसाय), दृश्य क्रय विक्रय, ग्राफिक डिजाइन, फैशन प्रौद्योगिकी, मोबाइल रोबोटिक्स, चित्रकारी एवं साज सज्जा, नवोन्मेषी व्यवसाय संकल्पनाएँ, डिजिटल फोटोग्राफी शामिल है ।

Highlights:

- Students from class 6th to 12th from CBSE affiliated schools can participate.
- School authorities can submit bulk entries in the prescribed format on JuniorSkills portal
- Registrations have commenced from 15th January 2021
- Last date of registration is 19th February 2021
- To apply for participation, one can fill registration form on https://worldskillsindia.co.in/juniorSkills2021
- Screening and selection will be done by National Skill Development Corporation
- Competitions will be held online; finale to be organized on-ground in Delhi on April 25, 2021

मुख्य विशेषताएं:

- सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के कक्षा छठी से 12 वीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं।
- स्कूल प्राधिकारी जूनियर कौशल पोर्टल के निर्धारित प्ररूप में अधिक संख्या में प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं।
- 15 जनवरी 2021 से पंजीकरण शुरू हो गए हैं।
- पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2021 है।
- भागीदारी का आवेदन करने के लिए, कोई भी https://worldskillsindia.co.in/juniorSkills2021 पर उपलब्ध पंजीकरण फॉर्म भर सकता है
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा स्क्रीनिंग और चयन किया जाएगा।
- प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी; समापन प्रतियोगिता का आयोजन 25 अप्रैल, 2021 को भौतिक उपस्थिति में किया जाएगा।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in

सिडबी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन के नजदीक रहा है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम

स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in देखें।

About NSDC: National Skill Development Corporation (NSDC) is a not-for-profit public limited company incorporated on July 31, 2008 under section 25 of the Companies Act, 1956 (corresponding to section 8 of the Companies Act, 2013). NSDC was set up by Ministry of Finance, Govt. of India as Public Private Partnership (PPP) model. The Government of India through Ministry of Skill Development & Entrepreneurship (MSDE) holds 49% of the share capital of NSDC, while the private sector has the balance 51% of the share capital. NSDC aims to promote skill development by creating training capacity through private & public institutions & partnerships; nurturing private organizations through patient capital & facilitating the creation of support systems required for skill development in the country.

एनएसडीसी के बारे में: कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अनुरूप) के तहत 31 जुलाई, 2008 को स्थापित राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी गैर लाभप्रदता वाली पब्लिक लिमिटेड कंपनी है। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के रूप में एनएसडीसी की स्थापना की गई थी। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के माध्यम से एनएसडीसी में भारत सरकार की 49% शेयर पूंजी है, जबकि शेष 51% की शेयर पूंजी निजी क्षेत्र की है। एनएसडीसी का लक्ष्य निजी एवं सार्वजनिक संस्थाओं और साझेदारी के माध्यम से प्रशिक्षण क्षमता का सृजन करके कौशल विकास को बढ़ावा देना; दीर्घकालिक पूंजी के माध्यम से निजी संगठनों का पोषण करके देश में कौशल विकास के लिए आवश्यक सहायता प्रणालियों के निर्माण की सुविधा प्रदान करना है।